अमर उजाला 11/7/2026

# एसडी कॉलेज के कई कोर्सों का कट ऑफ पहली काउंसलिंग में रहा हाई

माई सिटी रिपोर्टर

## बीकॉम टैक्स प्लानिंग का जनरल पूल में 105.6 परसेंटाइल और यूटी पूल में 95 परसेंटाइल पहुंचा

चंडीगढ़। सेक्टर-32 के एसडी कॉलेज में पहली काउंसलिंग के बाद कई अंडरग्रेजुएट (यूजी) कोर्सों का कट-ऑफ काफी ऊंचा रहा। सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धा बीकॉम टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमेंट कोर्स में रही। इस कोर्स का कट-ऑफ जनरल पूल में 105.6 परसेंटाइल और यूटी पूल में 95 परसेंटाइल पहुंच गया। वहीं बीएससी बायोटेक्नोलॉजी में जनरल पूल का कट-ऑफ 97.6 प्रतिशत और यूटी पूल में 85 प्रतिशत रहा।

नई तकनीकों से जुड़े कोर्सों की मांग भी बढ़ी है। बीएससी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग का कट-ऑफ 93 प्रतिशत रहा, जबकि बीए ऑनर्स में दाखिले के लिए मेरिट 70 प्रतिशत तक गई।

इससे जाहिर है कि विद्यार्थी अब पारंपरिक विषयों के साथ-साथ रोजगार के बेहतर अवसर देने वाले कोर्सों को भी पसंद कर रहे हैं। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि पहली काउंसलिंग में मिला अच्छा रिस्पॉन्स कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों के भरोसे को दिखाता है। उन्होंने कहा कि कॉलेज का लक्ष्य सिर्फ डिग्री देना नहीं, बल्कि ऐसे योग्य और जिम्मेदार युवा तैयार करना है जो भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले प्रवेश चरणों में भी बड़ी संख्या में मेधावी विद्यार्थी कॉलेज में दाखिला लेंगे।

अर्थ प्रकाश 11/7/2026

# पहली काउंसलिंग में एसडी कॉलेज के कई कोर्सों के कट-ऑफ ने छुआ नया मुकाम

**अर्थ प्रकाश संवाददाता**

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। नॉन-सेंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रिया की पहली काउंसलिंग के बाद कॉलेज के विभिन्न अंडरग्रेजुएट कोर्सों में दाखिले के लिए जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कई प्रमुख कोर्सों के कट-ऑफ रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गए हैं, जिससे साफ है कि मेधावी विद्यार्थियों की पहली पसंद के रूप में कॉलेज की साख पहले से अधिक मजबूत हुई है।

सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा बी.कॉम. टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमेंट में देखने को मिली। इस कोर्स का कट-ऑफ जनरल पूल में 105.6 परसेंटाइल और यूटी पूल में 95 परसेंटाइल दर्ज किया गया। वहीं बी.एससी. बायोटेक्नोलॉजी में जनरल पूल का कट-ऑफ 97.6 प्रतिशत तथा यूटी पूल में 85 प्रतिशत रहा। उभरती तकनीकों से जुड़े कोर्सों के प्रति विद्यार्थियों का रुझान भी लगातार बढ़ रहा है। बी.एससी. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग का कट-ऑफ 93 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि बी.ए. ऑनर्स में प्रवेश के लिए 70 प्रतिशत तक मेरिट गई। इससे स्पष्ट है कि विद्यार्थी अब पारंपरिक विषयों के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार किए गए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को भी प्राथमिकता दे रहे हैं।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि पहली काउंसलिंग में मिले उत्साहजनक परिणाम संस्थान के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने कहा कि यह विद्यार्थियों और अभिभावकों के उस अटूट विश्वास का प्रमाण है, जो वर्षों से कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासित वातावरण और उत्कृष्ट परिणामों पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे सक्षम, नवाचारी और मूल्यनिष्ठ युवा तैयार करना है, जो वैश्विक चुनौतियों का सामना करते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

दैनिक सवेरा 11/7/26

# पहली काउंसलिंग मैं एसडी कॉलेज के कई कोर्सों के कट-ऑफ ने छुआ नया मुकाम

**सवेरा न्यूज/नीना चंडीगढ़ :** जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। नॉन-सेंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रि या की पहली काउंसलिंग के बाद कॉलेज के विभिन्न अंडरग्रेजुएट कोसार्ें में दाखिले के लिए जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कई प्रमुख कोर्सों के कट-ऑफ रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गए हैं, जिससे साफ है कि मेधावी विद्यार्थियों की पहली पसंद के रूप में कॉलेज की साख पहले से अधिक मजबूत हुई है। सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा बी.कॉम. टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमेंट में देखने को मिली। इस कोर्स का कट-ऑफ जनरल पूल में 105.6 परसेंटाइल और यूटी पूल में 95 परसेंटाइल दर्ज किया गया। वहीं बी.एससी. बायोटेक्नोलॉजी में जनरल पूल का कट-ऑफ 97.6 प्रतिशत तथा यूटी पूल में 85 प्रतिशत रहा। उभरती तकनीकों से जुड़े कोसार्ें के प्रति विद्यार्थियों का रु झान भी लगातार बढ़ रहा है। बी.एससी. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग का कट-ऑफ 93 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि बी.ए. ऑनर्स में प्रवेश के लिए 70 प्रतिशत तक मेरिट गई। इससे स्पष्ट है कि विद्यार्थी अब पारंपरिक विषयों के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार किए गए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्र मों को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि पहली काउंसलिंग में मिले उत्साहजनक परिणाम संस्थान के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने कहा कि यह विद्यार्थियों और अभिभावकों के उस अटूट विश्वास का प्रमाण है, जो वषार्ें से कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासित वातावरण और उत्कृष्ट परिणामों पर बना हुआ है।

दिव्य हिमाचल 11/7/26

# अंडर-ग्रेजुएट कोर्सों में दाखिले के लिए जबरदस्त क्रेज

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के सेक्टर 32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कालेज ने एक बार फिर साबित कर दिया है, कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। नॉन सेंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रिया की पहली काउंसलिंग के बाद कालेज के विभिन्न अंडर ग्रेजुएट कोर्सों में दाखिले के लिए जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कई प्रमुख कोर्सों के कट ऑफरिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गए हैं, जिससे साफ है, कि मेधावी विद्यार्थियों की पहली पसंद के रूप में कालेज की साख पहले से अधिक मजबूत हुई है। सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा बीकॉम टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमेंट में देखने को मिली। इस कोर्स का कट ऑफ जनरल पूल में 105.6 परसेंटाइल और यूटी पूल में 95 परसेंटाइल दर्ज किया गया। वहीं बीएससी बायोटेक्नोलॉजी में जनरल पूल का कट ऑफ 97.6 प्रतिशत तथा यूटी पूल में 85 प्रतिशत रहा। उभरती तकनीकों से जुड़े कोर्सों के प्रति विद्यार्थियों का रुझान भी लगातार बढ़ रहा है।

पंजाब केसरी 11/7/26

सै.-32 गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज

# पहली काउंसिलिंग में कई कोर्सों के कट-ऑफ ने छुआ नया मुकाम

## सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा बी.कॉम. टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमैंट में देखने को मिली

## कट-ऑफ जनरल पूल में 105.6 परसैंटाइल और यू.टी. पूल में 95 परसैंटाइल दर्ज

चंडीगढ़, 10 जुलाई (आशीष): सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

नॉन-सैंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रिया की पहली काउंसिलिंग के बाद कॉलेज के विभिन्न अंडरग्रेजुएट कोर्सों में दाखिले के लिए जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कई प्रमुख कोर्सों के कट-ऑफ रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गए हैं, जिससे साफ है कि मेधावी विद्यार्थियों की पहली पसंद के रूप में कॉलेज की साख पहले से अधिक मजबूत हुई है।

सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा बी.कॉम. टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमैंट में देखने को मिली। इस कोर्स का कट-ऑफ जनरल पूल में 105.6 परसैंटाइल और यू.टी. पूल में 95 परसैंटाइल दर्ज किया गया।

वहीं, बी.एससी. बायोटैक्नोलॉजी में जनरल पूल का कट-ऑफ 97.6 और यू.टी. पूल में 85 प्रतिशत रहा। उभरती तकनीकों से जुड़े कोर्सों के प्रति विद्यार्थियों का रुझान भी लगातार बढ़ रहा है। बी.एससी. आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस एंड मशीन लर्निंग का कट-ऑफ 93 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि बी.ए. ऑनर्स में प्रवेश के लिए 70 प्रतिशत तक मैरिट गई। इससे स्पष्ट है कि विद्यार्थी अब पारंपरिक विषयों के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार किए गए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को भी प्राथमिकता दे रहे हैं।

प्रिंसीपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे सक्षम, नवाचारी और मूल्यनिष्ठ युवा तैयार करना है, जो वैश्विक चुनौतियों का सामना करते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

कॉलेज प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि आगामी प्रवेश चरणों में भी मेधावी विद्यार्थियों की बड़ी संख्या संस्थान का रुख करेगी और नया शैक्षणिक सत्र प्रतिभा, नवाचार और शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करेगा।